ABBAS KHAN COLLEGE FOR WOMEN

HINDI PROGRAM OUTCOMES

हिंदी हिंदुस्तान की भाषा है। संपूर्ण भारत में ज्यादा बोली व समझी जाने वाली भाषा हिन्दी ही है। चूंकि संस्कृत भाषा की सबसे निकटतम भाषा हिन्दी है, संस्कृत का परिचय भी होता है।

भारत सरकार की प्रशासनिक भाषा राजभाषा भी इसके द्वारा मालूम होगी। हिंदी साहित्य सागर के अनमोल मोती रत्नों के अलावा भारत इतिहास की सभी पहलुओं का, यथा सांस्कृतिक, राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, शैक्षणिक आदि का समग्र व सांगोपांग मीमांसात्मक ज्ञान भी प्राप्त होगा। तद्वारा ज्ञान की वृद्धि के साथ साथ व्यक्तित्व विकास भी मुमकिन है।

विविध स्पर्धात्मक परीक्षाओं में सफलता पूर्वक भाग लेने और सर्वाधिक अंक प्राप्त करने में हिंदी जरूर सहायक सिद्ध होगी।

भारत के अलावा संपूर्ण संसार में अधिक से अधिक विस्तार हो रही हिंदी भाषा, सारे जग को जोड़ने वाली तथा सामाजिक जागृति उत्पन्न करने वाली भाषा है। सामाजिक मीडिया व विपणन या व्यापार अथवा व्यवहार -आदि सभी क्षेत्रों में दिशा दिग्दर्शक हिंदी ही है।

हिंदी की जानकारी के बिना हिंदुस्तान की जानकारी संभव नहीं। माँ भारती के माथे की बिंदी हिंदी को समझे बिना भारत के हृदय को कोई कैसे समझ पाएगा? अतः संपूर्ण भारतीय मनुष्य बनने हेतु हिंदी को सीखना सर्वथा-सहसधा अनिवार्य है। अस्तु।

PRINCIPAL
ABBAS KHAN COLLEGE FOR WOMEN
OTC Road Cross, Cubbonpet,
BENGALURU - 560 002

Edit with WPS Office